सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
कार्तिक 07, शुक्रवार, शाके 1943-अक्टूबर 29, 2021 *Kartika 07, Friday , Saka 1943- October 29, 2021*	

भाग 6 (ग)

ग्राम पंचायत संबंधी विज्ञप्तियां आदि।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग

(पंचायती राज)

अधिसूचना

जयपुर, अक्टूबर 28, 2021

संख्या एफ.139(89)अलवर-बून्दी/विधि/पंरा/2020/886:- ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा के राजस्व ग्राम रघुनाथपुरा में पंचायत कार्यालय भवन निर्माण हेतु आवश्यक भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्या-13) की धारा-98 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा- 9(3) में वर्णित शक्तियों को राज्य सरकार द्वारा जिला कलेक्टर, बून्दी को ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा (पंचायत समिति, तालेडा) के पंचायत कार्यालय का स्थान परिवर्तित करने हेतु प्रस्ताव तैयार कर सार्वजनिक अवलोकन के लिये प्रसारित करने, एक माह की अवधि में आपत्तियां आमंत्रण कर प्राप्त आपत्तियों का निराकरण करने के पश्चात् अपनी अभिशंषा के साथ प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

जिला कलेक्टर, बून्दी द्वारा उपरोक्तानुसार कार्यवाही के पश्चात् प्राप्त अनुशंषा के अनुसार ग्राम पंचायत रघुनाथपुरा के कार्यालय भवन निर्माण हेतु मुख्यालय के अन्यत्र राजस्व ग्राम खेडला में पंचायत कार्यालय भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

आज्ञा से,
पी0सी0 किशन,
शासन सचिव।

5459

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।